


हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, मंगलवार | 05 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 | अंक : 170 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण




## ब्रीफ न्यूज

### पटना में सवा लाख नए वोटर, युवा मतदाता सूची में कैसे दर्ज करवाएं नाम; समझें



एजेंसी

पटना जिले में इस बार मतदाता सूची में सवा लाख युवा नये मतदाता जुड़ेंगे। 18 साल वर्ष पूरा करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिला प्रशासन सोमवार से जागरूकता अभियान शुरू करेगा। सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के साथ शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान पूरे नवंबर चलेगा।अधिकारियों का कहना है कि पटना जिले में लगभग 49 लाख मतदाता हैं। इस बार सवा लाख युवा मतदाता जुड़ेंगे, जिनकी आयु पहली जनवरी 2025 को 18 साल पूरी हो रही है। यदि अगले विधानसभा चुनाव के पहले सवा लाख नये मतदाता जुड़ जाते हैं तो जिले में मतदाताओं की संख्या 50 लाख से अधिक हो जाएगी।मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यदि ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकते हैं तो अपने निकटतम मतदान केंद्र पर बीएलओ के संपर्क पर प्रपत्र 6 भर कर दे दें।

## Jharkhand Election: जीतने के लिए BJP ने लगाया पूरा जोर,

# संकल्प पत्र में किये गये वादों का प्रचार करने उतरे नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाईबासा और गढ़वा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ₹एक तरफ भाजपा का गारंटी पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड है**

एजेंसी

रांची: भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में दो चुनावी सभाओं को संबोधित कर माहौल को भाजपामय कर दिया। प्रधानमंत्री की रैली से पहले राज्य में सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा को तब एक और बड़ा झटका भी लगा जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहैत विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के प्रस्तावकों में से एक मंडल मुर्मू भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वर्ष 1855 में संथाल विद्रोह का नेतृत्व करने वाले सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में देवघर में पार्टी में शामिल हुए।इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चाईबासा और गढ़वा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "एक तरफ भाजपा का गारंटी पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड है तो वहीं



दूसरी तरफ खटट, कांग्रेस, फ्खऊके झूठे वादे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्होंने 5 साल तक माताओं बहनों के लिए कुछ नहीं किया लेकिन अब जब भाजपा की योजनाएं सामने आई हैं तब उन्होंने महिलाओं की आंख में धूल झोंकने के लिए नकल करके नई-नई घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग नकल कर सकते हैं लेकिन भाजपा के पास जो नेक नीयत है वो नेक नीयत कहां से लाओगे।हम आपको यह भी बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड में झामुमो नीत सरकार पर ह्यह्यवोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देनेह्लह्ल का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया था और कहा था कि यदि राज्य में उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वह आदिवासियों की जमीन को अवैध प्रवासियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए कड़ा कानून लाएगी। अमित शाह ने यह भी घोषणा की कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा और झारखंड में आदिवासी आबादी को प्रभावित किए बिना समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। पूर्वी सिंहभूम जिले में घाटशिला के धालभूमगढ़ में भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया था कि राज्य में आदिवासी आबादी घट रही है, क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार ह्यह्यबांग्लादेशी घुसपैठियों को अपना वोट बैंकह्लह्ल मानती है। अमित शाह ने यह भी घोषणा की थी कि सत्ता में आने पर भाजपा 51 वनोपजों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करेगी और 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी जिसका भुगतान 48 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र- ह्यसंकल्प पत्रह्ल- जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा।

## झारखंड में भाजपा को 'अपनों' से खतरा, पार्टी की रणनीति पर पानी फेर सकते हैं ये बागी धुरंधर




**झारखंड चुनाव की शुरूआत में भाजपा नेताओं के विद्रोही तेवरों ने पार्टी के रणनीतिकारों की परेशानी को बढ़ा दिया है।**

एजेंसी

रांची: झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा सिर्फ इंडिया गठबंधन से ही लड़कर अपनी जीत की पटकथा नहीं लिख सकती है। बल्कि अब भारतीय जनता पार्टी को पहले राज्य में अपनों से ही जंग करनी पड़ेगी। दरअसल, चुनाव की शुरूआत में भाजपा नेताओं के विद्रोही तेवरों ने पार्टी के रणनीतिकारों की परेशानी को बढ़ा दिया है। तो वहीं इनमें से कुछ नेताओं ने टिकट न मिलने से नाराज होकर पार्टी से साथ विद्रोह का बिगुल फूंका है। अब इन विद्रोहियों के जोर आजमाइश का पार्टी पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह तो समय ही बताएगा। लेकिन राज्य में फिलहाल तो भाजपा को डैमेज कंट्रोल के संकट से गुजरना पड़ रहा है।बता दें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। रघुवर सरकार में मंत्री रहीं लुइस मरांडी समेत करीब आधा दर्जन बीजेपी नेताओं और पूर्व विधायकों ने झामुमो का दामन थाम लिया है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। लुई मरांडी प्रदेश बीजेपी की उपाध्यक्ष थीं। ऐसे में उनके दल बदलने से संताल परगना में काफी प्रभाव पड़ा है।

## मोदी सरकार का एकमात्र लक्ष्य किसी भी तरह सत्ता में बने रहना है: प्रियंका गांधी



एजेंसी

नई दिल्ली: प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश के हवाई अड्डों और बंदरगाहों को अपने कारोबारी दोस्तों को सौंप रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी शासन ने लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए विपक्षी नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया और अन्य चैनलों के माध्यम से गांधी की छवि खराब करने के लिए भारी संसाधन खर्च किए। सरकार ने लोगों के अधिकारों के लिए खड़े होने के लिए उनसे लड़ाई लड़ी। हालांकि, वायनाड के लोगों ने उनके पीछे अपना समर्थन दिया।प्रियंका गांधी ने कहा कि एनडीए शासन लोगों के लिए नहीं, बल्कि पीएम के कारोबारी दोस्तों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का एकमात्र एजेंडा किसी भी तरह से सत्ता में रहना है। उनका ध्यान रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों की भलाई पर नहीं है। बाद में वायनाड उपचुनाव के लिए अपनी बहन और यूडीएफ उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए,

## हत्या या आत्महत्या? अरक्की मौत के बाद 20 पुलिसवालों से पूछताछ की तैयारी,

एजेंसी



पटना: पटना स्थित एकता भवन के बैरक में संदिग्ध परिस्थिति में सिर में गोली लगने से एएसआई अजीत कुमार सिंह की मौत के मामले में गांधी मैदान पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिस बैरक में घटना हुई वहां करीब 20 पुलिसकर्मी थे, लेकिन घटना के बाद सभी चले गए हैं। पुलिस वहां रहने वाले जवानों की जानकारी के लिए वरीय अधिकारियों को पत्र है, ताकि उनसे पूछताछ की जा सके।प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है, लेकिन परिजनों ने हत्या का संदेह जताया है। इसलिए पुलिस हत्या के कोण से भी मामले की जांच कर रही है। केस का अनुसंधानकर्ता गांधी मैदान थानेदार सीताराम प्रसाद को बनाया गया है। दरअसल, एएसआई अजीत कुमार के पिता विनोद सिंह ने इस मामले में गांधी मैदान थाने में हत्या का केस दर्ज कराया है। प्राथमिकी में उन्होंने लिखा है कि अजीत के नाम से कोई हथियार जारी नहीं था।जिस पिस्टल से उसे गोली मारी गई, वह एसटीएफ जवान नागेंद्र कुमार सिंह उर्फ नागराज की है।

## विपक्षी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र,

# अध्यक्ष पर लगाया एकतरफा फैसले लेने का आरोप

एजेंसी



नई दिल्ली: वक्फ विधेयक को लेकर सियासत जारा है। संयुक्त संसदीय समिति में भी वाद-विवाद देखने को मिल रहा है। इन सबके बीच विपक्षी सांसदों ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा है। विपक्षी सांसदों ने चेतावनी देते हुए कहा कि वे वक्फ विधेयक में बदलावों का अध्ययन करने वाली संयुक्त संसदीय समिति से खुद को अलग कर सकते हैं। सांसदों ने समिति के अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के जगदम्बिका पाल पर बैठक की तारीखों और परामर्श के लिए बुलाने के संबंध में एकतरफा निर्णय लेने का आरोप लगाया, और उनके कार्यों को विरोध को कम करने और वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित करने का एक सशक्त तरीका बताया।

## जीतनराम मांझी ने बताया परिवारवाद का मतलब, प्रशांत किशोर के बहाने लालू पर निकाली भड़ास

एजेंसी



पटना: बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हो उपचुनाव में परिवारवाद एक बार फिर बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। गया के इमामगंज से जीतनराम मांझी की बहू चुनाव लड़ रही हैं तो बेलागंज से सांसद सुरेंद्र यादव के बेटे विश्वनाथ मैदान में हैं। तरारी की सीट पर सुनील पांडे के पुत्र विशाल हैं और रामगढ़ सीट पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र अजीत सिंह को टिकट दिया गया है। इस पर जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर लोगों से कह रहे हैं कि इस बार नेताओं के परिवार को लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए वोट करें। प्रशांत किशोर के बयान पर जीतनराम मांझी ने सफाई देते हुए परिवारवाद की परिभाषा समझाई है। पीके के बहाने उन्होंने लालू यादव और उनके पूरे परिवार पर अपनी भड़ास निकाली है। सोमवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पलामु में जनसभा करने पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अपने भाषण में जेएमएम, कांग्रेस और राजद पर परिवारवाद करने का आरोप लगाया।

दरअसल इमामगंज में बहू दीपा मांझी चुनाव प्रचार करने पहुंचे जीतनराम मांझी से पत्रकारों ने बहू को टिकट देने पर सवाल कर दिया और पीके का सवाल सामने रख दिया।

## बारामती के मतदाताओं अजित पवार की अपील, आपने लोकसभा चुनाव में 'साहब' को खुश किया, इस बार मुझे वोट दें

एजेंसी



महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती के लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन की अपील की। उन्होंने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चाचा शरद पवार के प्रति उनके समर्थन की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि आपने लोकसभा चुनाव में साहेब को खुश किया, अब विधानसभा चुनाव में (मेरे लिए) वोट डालकर मुझे खुश करें। साहेब अपने तरीके से काम करेंगे, मैं अपने तालुका के विकास के लिए अपनी शैली में काम करूंगा।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का प्रतिनिधित्व करने वाले पवार बारामती विधानसभा सीट पर अपने भतीजे और एनसीपी (एसपी) उम्मीदवार युगेंद्र पवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। यह एनसीपी में विभाजन के बाद हुआ है, जिसमें अजित पवार पिछले साल एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे। बारामती निर्वाचन क्षेत्र में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने इस साल की शुरूआत में अजित पवार की पत्नी को हराकर लोकसभा सीट जीती थी।सावल गांव में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि अगर सुप्रिया लोकसभा चुनाव हार जातीं तो साहेब (शरद पवार) को इस उम्र में कैसा महसूस होता- यही सोचकर आपने उन्हें वोट दिया, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में मुझे वोट दीजिए।

## केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में टला उपचुनाव!

# अब 13 नवंबर नहीं, इस तारीख को डाले जाएंगे वोट



एजेंसी

नई दिल्ली: भारत में त्योहारी सीजन के बीच, चुनाव आयोग ने सोमवार को केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के पुनर्निर्धारण की घोषणा की। मूल रूप से 13 नवंबर के लिए निर्धारित चुनाव को 20 नवंबर को स्थानांतरित कर दिया गया है। यह बदलाव कांग्रेस, भाजपा, बसपा और रालोद सहित प्रमुख राजनीतिक दलों की अपील के बाद आया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रीय त्योहारों के कारण संभावित कम मतदान से बचना है।आधिकारिक बयान में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों की तारीख त्योहारों के कारण 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवंबर की। इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट में से नौ सीट पर होने वाले उपचुनाव की घोषणा की थी। यूपी में कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिजार्पुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट सीट शामिल है।

# कारों के शीशे पर काली फिल्म,

## तेज संगीत और हूटर, सीएम के काफिले के दौरान हुड़दंगी पड़ी महंगी; हुआ ऐक्शन

एजेंसी



पटना: अटल पथ पर मुख्यमंत्री का काफिला गुजरने के दौरान दूसरी लेन पर हूटर और तेज संगीत बजाकर जा रहे चार गाड़ियों पर सवार रईसजादों को यातायात पुलिस ने पकड़ लिया। कारों के शीशों पर काली फिल्म चढ़ी थीं। कार चालक खतरनाक तरीके से वाहन चला रहे थे। गांधी मैदान यातायात पुलिस कारों का चालान कर वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस और कागजात का सत्यापन कर रही है।दरअसल, रविवार शाम करीब पांच बजे अटल पथ से सीएम का काफिला गुजर रहा था। इसी दौरान अटल पथ पर दूसरी तरफ दीघा जाने वाली सड़क पर चार कार एक साथ फरार्टा भरते निकले। कार चालक हूटर और सायरन का प्रयोग कर रहे थे और कारों से संगीत बजाने की तेज आवाज आ रही थी। सभी कारों के शीशों पर काली फिल्म लगी थी। मुख्यमंत्री के कारकेड में साथ जा रहे अधिकारियों ने इन गाड़ियों की जानकारी यातायात पुलिस के अधिकारियों को दी।सूचना मिलते ही गांधी मैदान यातायात थाने की पुलिस जेपी गंगा पथ पर सक्रिय हुई और आनन-फानन में दीघा गोलंबर के पास बैरिकेडिंग लगा दी। जैसे ही चारों कार वहां पहुंचीं वैसे ही उन्हें रोक दिया गया। बाद में तीन महिंद्रा थार और एक स्कॉर्पियो को थाने लाकर जांच की गई। सभी कार एक ही समूह के रईसजादों की बताई जा रही है। वे जेपी गंगा पथ पर घूमने जा रहे थे। उधर यातायात पुलिस की कार्रवाई होते ही वाहनों को छुड़ाने के लिए लोगों के फोन यातायात पुलिस अधिकारियों के पास आने लगे।ट्रैफिक डीएसपी-1 कृष्णा प्रसाद ने बताया कि बिहार के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली कारों में अवैध तरीके से सायरन लगे मिले हैं। वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत जुमार्ना किया गया है।

# निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए हुई बैठक

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**(दरभंगा) :-** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए हुई बैठक। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा की अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर निर्वाचन सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित है।




उन्होंने प्रखंड एवं विधान सभा स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लेने के निर्देश दिए, साथ ही प्रारूप झ 09,10 एवं 11-ए एवं 11-बी उपलब्ध कराने को कहा।
बीएलओ के बीच प्रारूप निर्वाचक सूची का वितरण एवं वितरण पंजी का संधारण करा लेने को कहा।
जिलाधिकारी ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के निर्वाचकों का सत्यापन करा लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।
उन्होंने कहा कि 01-01-2025 को जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो जाएगी, उनके नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्राप्त किया जाए।
उन्होंने कहा कि जिनकी मृत्यु हो गई है तथा जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं, उनका नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाए।
जिस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में लिंगानुपात कम है वहां के सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ध्यान दें। इसके लिए नव विवाहित युवतियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्राथमिकता दें। नए मतदाताओं को नाम जोड़ने हेतु बीएलओ सही ढंग से काम करें, इसकी समीक्षा बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से किया जाए।
उन्होंने युवा मतदाता एवं महिला मतदाता को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को, दावा और आपत्ति दाखिल करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर 2024 तक, दावा आपत्तियों का निपटान हेतु 24 दिसंबर 2024, एवं मतदाता सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।
बैठक में श्री रौशन ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अवधि में चार विशेष अभियान दिवस होगा।
दिनांक-02.11.2024 (शनिवार), 03.11.2024 (रविवार), 23.11.2024 (शनिवार) एवं 24.11.2024 (रविवार) को निर्धारित किया गया है।
सभी बी०एल०ओ० को विशेष अभियान दिवस को कार्य अवधि में अनिवार्य रूप से अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहें तथा मतदान केन्द्र जिस कार्यालय अथवा भवन में अवस्थित होगा, वो खुला रहेगा।
प्राप्त दावा एवं आपत्ति संबंधित सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराया जाना :- सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रत्येक सप्ताह के अंत में दावे एवं आपत्तियों की सूची प्रपत्र-9 (प्रपत्र-6 में प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूची), प्रपत्र-10 (प्रपत्र-7 में प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूची), प्रपत्र-11 (आक्षेपों की सूची / प्रविष्टियों एवं सुधार के लिए आवेदन/ईपिक का प्रतिस्थापन / प्ररूप-8 में स्वीकार्य पी०डब्लू०डी० की सूची), प्रपत्र-11क (प्रपत्र-8 में प्राप्त किये गये निर्वाचन क्षेत्र के भीतर पता बदलने के लिए आवेदनों की सूची) एवं प्रपत्र-11ख (प्रपत्र-8 में प्राप्त किये गये निर्वाचन क्षेत्र के बाहर पता बदलने के लिए आवेदनों की सूची) उपलब्ध करायेंगे। आवेदकों के द्वारा जमा किए गए प्रपत्र का पावती भी देना सुनिश्चित करेंगे सभी बीएलओ। बैठक में उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल उमेश कुमार भारती, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर शंभू नाथ झा, डीसीएलआर बेनीपुर, बिरौल आदि अधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रथम बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का विजेता बना सिवान




**।संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

दरौलीआज ब्लू स्काई द स्कूल पिपरहियाँ के खेल ग्राउंड में आयोजित 3 दिवसीय प्रथम बिहार राज्य सीनियर महिला हैंड बाल चैम्पियनशिप फाइनल मैच सिवान और एकलब्य बिहार सरकर के बीच खेला गया जिसमें सिवान ने 30/10 से बिजेता ट्राफी पर कब्जा जमा लिया जबकि संयूक्त रूप से तृतीय स्थान रानी लक्ष्मी बाई स्पोर्टस एकेडमी मैरवा एवं पटना को मिला। बिजेता ट्राफी दरौली के प्रखंड विकास पदाधिकारी शिखा दीप्ति ने बिजेता टीम सीवान को प्रदान किया। उप बिजेता टीम को पूर्व विधान पार्षद टूना जी पाण्डेय ने उपविजेता ट्राफी प्रदान किया।
संयुक्त रूप से तृतीय स्थान के लिये शिव जी प्रसाद सचिव विद्यालय एसोसिएशन सीवान और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ आर एन शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। प्रतियोगिता का बेस्ट गोल कीपर का अवार्ड रानी लक्ष्मीबाई एकेडमी के निक्की कुमारी को दिया गया तथा वेस्ट प्लेयर का अवार्ड सिवान की खुशबू कुमारी को दिया गया। इस अवसर पर पूर्व जदयू नेता अजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नरोत्तम मिश्र, सुशील पाण्डेय, राणा प्रताप सिंह, स्कूल एसोसिएशन के आशीष कुमार, अजनाभ पाण्डेय, सुजीत कुमार, विक्की कुमार, खेल कोटा से मिलिट्री फोर्स में नौकरी पाने वाली इंटरनेशनल प्लेयर धर्मशीला और मुकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा जितवारपुर स्थिति ई वी एम, वी वी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

जिलाधिकारी समस्तीपुर श्री रोशन कुशवाहा द्वारा ई वी एम, वी वी पैट वेयरहाउस के मासिक निरीक्षण के क्रम में दिनांक 4 नवंबर 2024 को जितवारपुर स्थिति ई वी एम, वी वी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के वक्त उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनोद कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी समस्तीपुर श्री रमेश वर्णवाल, अवर निर्वाचन पदाधिकारी दलसिंहसराय -सह- नोडल पदाधिकारी ई वी एम एवं वी वी पैट श्री रवि रंजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी मो. महमूद आलम सहित अन्य पदाधिकारी एवं वहां पर प्रतिनियुक्ति सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्ति सुरक्षा बलों को निर्देश दिया गया कि ई वी एम वीवीपीएटी वेयरहाउस के मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी की जानी है इसके लिए अधिष्ठापित सीसीटीवी 24 घंटे कार्यरत रहे इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों के अनुरूप एस ओ पी का पालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जानी है इसका दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

# खैराटी पंचायत के फाजिलपुर के छठ घाट पर जाने के लिए नहीं है रास्ता ग्रामीण है परेशान

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान जिला के खानपुर खैराटी पंचायत के फाजिलपुर के छठ घाट पर जाने के लिए नहीं है रास्ता ग्रामीण है परेशान बता दे की सजन बैठा ने बताया कि हम लोगों के छठ घाट पर जाने के लिए बिल्कुल जांजर हालत में है रास्ता ना ही इस पर जनप्रतिनिधि और ना ही कोई अधिकारी ध्यान दिए लगभग 3 साल से ऐसा ही कठिन रास्ते में हम लोग बनाते हैं छठ बता दे की जब लोग अर्घ देने नदी पहुंचते हैं तो काफी लोग गिरकर चोट लगा लेते हैं क्योंकि रास्ता काफी जांजर हालत में है वहीं लोगों ने यह भी बताया कि की हर साल जब छठ घाट पर लोग त्योहार मनाने आते हैं दुधारा से लोग तो रास्ते की वजह से लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती



है फाजिलपुर के ग्रामीणों ने लोकल जलप्रीनिधि और आला अधिकारियों से यह अपील किया है कि छठ से पहले इस रास्ते का मरम्मत कर दिया जाए ताकि लोगों को छठ घाट जाने में आसानी हो नहीं उठानी पड़े कठिनाइयों की मुसीबत

# यूडीआईडी कार्ड बनाने को लेकर प्रखंड परिसर में 12 नवंबर को लगाया जाएगा शिविर

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मोरवा (समस्तीपुर)। दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। जहां पहुंचकर दिव्यांग अपना यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में 12 नवंबर 2024 को विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान दिव्यांग जनों से घर घर सम्पर्क करते बीआरपी विवेक रंजन द्वारा बताया गया है। इससे संबंधित लक्ष्य हर हाल में 12 नवंबर 2024 तक प्राप्त करना है। सभी दिव्यांग जन यूडीआईडी कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज शिविर में लेकर आएंगे। सभी दिव्यांगजनों से अनुरोध है कि



निर्धारित तिथि को निर्धारित स्थल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ससमय पहुंचकर निःशुल्क योजना का लाभ लें।

# पैक्स चुनाव के लिए नामांकन 16 से 18 तक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर ब्लॉक के तहत कुल 18 पंचायतों में सभी पैक्सों के चुनाव के लिए आगामी 16 नवंबर से 18 नवंबर 2024 इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। इस अवधि के बीच 17 नवंबर रविवार को भी नामांकन के लिए प्रखंड कार्यालय खुला रहेगा। वही 19 व 20 नवंबर को नामांकन पत्रों की संविक्षा की जाएगी, जबकि 22 नवंबर को नाम वापसी एवं उसी दिन चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए वारिसनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अजमल परवेज ने बताया कि उपरोक्त प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के उपरांत 29 नवंबर 2024 को मतदान कराया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि मतदान सभी केंद्रों पर सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 4 : 30 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदान के अगले ही दिन यानी 30 नवंबर को मतगणना किशनपुर स्थित भगवत ठाकुर उच्च विद्यालय में सुबह 8 बजे से शुरू होगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- जिलाधिकारी के निदेशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 9 एवं 10 नवंबर को भी चलाया जाएगा विशेष अभियान दिवस, सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर छूटे हुये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु करेंगे कारवाई



सारण, छपरा 4 नवंबर, 2024 जिलाधिकारी श्री अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई।

न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निदेश दिया गया।

पैक्स निर्वाचन से संबंधित तैयारी को समयबद्ध ढंग से निष्पादित करने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

जिला में 29 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करना शेष है, इस कार्य को उच्च प्राथमिकता देते हुए सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 2, 3, 23 एवं 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व में अधिकांश लोग अपने गाँव/घर आते हैं। इसको देखते हुये 9 एवं 10 नवंबर को भी विशेष अभियान दिवस चलाने का निदेश दिया गया। इस दिन सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे तथा जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उनका नाम सूची में शामिल करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु विशेष पहल सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इसका सघन पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया। सभी बीएलओ एक विशेष प्रपत्र में डोर टू डोर विजिट का आंकड़ा संकलित करेंगे। बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागी अमिषा को किया गया पुरस्कृत



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सिवानः** देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने व युवाओं के बीच खेल-कूद की गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु क्रीड़ा भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किए किए जाने वाले ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा 2023 में पूरे बिहार झारखंड उत्तर पूर्व क्षेत्र में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली सिवान के मौली के बथान स्थित महाराणा प्रताप नगर निवासी राजीव कुमार सिंह उर्फ बाबू नंद सिंह की पुत्री सूश्री अमीषा सिंह को सिवान के फतेहपुर स्थित श्री साधु सदन में एक संक्षिप्त समारोह आयोजित कर के 11000 (ग्यारह हजार) की राशि का चेक प्रदान किया गया। सूश्री अमीषा सिंह को समाजसेवी रमेश कुमार सिंह ने चेक प्रदान कर सम्मानित किया।
इस मौके पर क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, जिला मंत्री संजय कुमार, विभाग संयोजक डॉ सुधीर कुमार सिंह सहित दर्जनों की संख्या क्रीड़ा भारती सिवान से जुड़े कार्यकर्ता व नगर के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थें।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पूसा (समस्तीपुर)। बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार से मुक्ति विषय पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत कल्याणपुर गौरा स्थित ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की खुदीराम बोस पूसा शाखा के शाखा प्रबंधक प्रभात मणिलाल ने की वही संचालन विद्यालय के निदेशक विभूति कुमार ने किया। मौके पर मौजूद छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक श्री लाल ने कहा की मौजूदा दौर बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता का है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में बैंकिंग सेवा के क्षेत्र में आई पारदर्शिता के कारण आम लोगों को इसका काफी लाभ मिल रहा है। श्री लाल ने कहा कि भ्रष्टाचार के लिए बैंकिंग सेवा क्षेत्र में कोई स्थान नहीं है तथा इसके लिए आम जनों को जागरूक होना पड़ेगा। बाद में स्कूल के छात्र - छात्राओं के बीच निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कृत होने वाले छात्राओं में विराट, दिव्या, श्वेता, श्रेया, युवराज, समर, राघव, अदिति, वैष्णवी, आदर्श आदि शामिल थे। मौके पर बैंक कर्मी सन्नी शेखर, नीतू कुमारी, विद्यालय की शिक्षिका अनीशा, काजल, अंकिता, प्रीति, कोमल, अमर कुमार आदि मौजूद थे।

# छठ घाटों पर काफी भीड़-भाड़ होने की संभावना रहती है

## जाम की समस्या से निजात हेतु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए रूट एवं ट्रैफिक प्लान निर्धारित किया गया है

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा) :- आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर दरभंगा शहरी क्षेत्र, लहेरियासराय एवं विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों पर काफी भीड़-भाड़ होने की संभावना रहती है। उक्त अवसर पर दरभंगा शहर के निवासियों की सुविधा हेतु शहरी क्षेत्र अंतर्गत भीड़-भाड़ एवं जाम की समस्या से निजात हेतु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए रूट एवं ट्रैफिक प्लान निर्धारित किया गया है। श्री विकास कुमार अनुमंडल पदाधिकारी दरभंगा ने कहा कि 06 एवं 07 नवम्बर 2024 को रहेगा प्रतिबंधित।चट्टी चौक से लहेरियासराय आने वाले वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे। पण्डासराय रेलवे गुमटी से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पुर्णतः बंद रहेंगे। एकमी घाट से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे।लोहिया चौक से बाकरगंज एवं पण्डासराय की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है।दारू भट्ठी चौक से बाकरगंज की ओर केवल पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है। अन्य वाहन जी०एन० गंज से कॉमर्शियल चौक की ओर स्वतः मुड़ जाएँगे।नाका नं0-06 से जिला स्कूल की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। बेला मोड़ से भण्डार चौक की ओर जाने वाले मार्ग में पूजा से सम्बंधित दो पहिया वाहनो के अतिरिक्त अन्य वाहनों का परिगमण पुर्णतः बाधित रहेगा।भण्डार चौक से ओवर ब्रीज की ओर जाने वाले मार्ग पर कॉमर्शियल वाहन पूर्णतः बाधित रहेंगें। रेलवे स्टेशन से हराही पोखर/विद्या मन्दिर की ओर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।रेलवे स्टेशन से मिजार्पुर चौक होते हुए वाहनों की निकासी की जाएगी।डेनवी रोड से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।
कर्बला से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।
दिल्ली मोड़ से शहर की ओर आने वाले रास्तों पर भारी वाहनों का परिगमण पूर्णतः बाधित रहेगा।
नोट-उपरोक्त रूट/ट्रैफिक प्लान 07.11.2024 को 12:30 बजे से आरम्भ होकर दिनांक 08.11.2024 के 10:00 बजे पुर्वाह्न तक के लिए निर्धारित है।

- लोहिया चौक से बाकरगंज एवं पण्डासराय की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है।
- दारू भट्ठी चौक से बाकरगंज की ओर केवल पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है। अन्य वाहन जी०एन० गंज से कॉमर्शियल चौक की ओर स्वतः मुड़ जाएँगे।
- नाका नं0-06 से जिला स्कूल की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।
- बेला मोड़ से भण्डार चौक की ओर जाने वाले मार्ग में पूजा से सम्बंधित दो पहिया वाहनो के अतिरिक्त अन्य वाहनों का परिगमण पुर्णतः बाधित रहेगा।
- भण्डार चौक से ओवर ब्रीज की ओर जाने वाले मार्ग पर कॉमर्शियल वाहन पूर्णतः बाधित रहेंगें।
- रेलवे स्टेशन से हराही पोखर/विद्या मन्दिर की ओर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।
- रेलवे स्टेशन से मिजार्पुर चौक होते हुए वाहनों की निकासी की जाएगी।
- डेनवी रोड से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।




# भाजपा नेताओं ने कांवरिया सेवा सम्मान समारोह में कांवरियों की सेवा करने वाले श्रद्धालुओं का किया सम्मान







संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- सुल्तानगंज-देवघर मार्ग पर डेढ़ महीने तक श्रद्धालुओं की अनवरत सेवा करना आसान नहीं : डॉ. दिलीप जायसवाल
- इन सच्चे शिवभक्तों को सम्मान देने के बारे में अब तक किसी सरकार ने नहीं सोचा : डॉ. दिलीप जायसवाल
- कांवरिया पथ से बड़ा समाजवाद कहीं नहीं दिखेगा झ कपड़ा एक, बोली एक, मकसद एक : सम्राट चौधरी
- बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सनातन के अनुयायियों को एकजुट करने पर बल दिया, कहा झ ऐसे कार्यक्रम प्रेरणादायक हैं।

पटना, 4 नवंबर। आज पटना के रविंद्र भवन में बिहार भाजपा द्वारा कांवरिया सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सुल्तानगंज-देवघर मार्ग पर सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की अनवरत सेवा करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों का सम्मान करते हुए उनके पांव पखारे गए। पूरा भवन "हर हर महादेव" के नारों से गूंज उठा। वक्ताओं ने एक स्वर में "नर सेवा ही नारायण सेवा" के भाव को व्यक्त करते हुए कहा कि यही सच्चे अर्थों में सनातन धर्म है।

इस सम्मान समारोह का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, और विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर 10 राज्यों के 159 संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि आज तक किसी सरकार या नेता ने इन सेवा करने वालों को सम्मानित करने के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज-देवघर मार्ग पर एक महीने, डेढ़ महीने तक श्रद्धालुओं की निरंतर सेवा करना आसान नहीं है; यह बहुत साहस का काम है, और यही सच्चे शिवभक्त हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक सम्मान समारोह नहीं है बल्कि श्रावणी मेले में सुविधाओं की भी चर्चा की गई। समारोह में 10 राज्यों के सेवा करने वालों को सम्मानित करने का अवसर पाकर उन्होंने सभी को नमन किया और कहा कि ये सच्चे अर्थों में श्रद्धालुओं की सेवा के ब्रांड एंबेसडर हैं।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि सुल्तानगंज और देवघर के रास्ते के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज स्टेशन का नाम बदलकर अजगैबीनाथ करने का प्रस्ताव है और आशा जताई कि इससे सेवा करने वालों का हौसला बढ़ेगा।

इस समारोह में बोल बम सेवा शिविर महासंघ के अध्यक्ष शहनुमान प्रसाद, महासंघ के विश्वनाथ भगत, त्रिभुवन कुमार, अनुपम अग्रवाल, सतेंद्र पांडे, तथा बोल बम सेवा समिति के 11 राज्यों से आए सैकड़ों लोग और भाजपा के कई प्रदेश पदाधिकारी, नेता, और कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच संचालन सजल झा ने किया।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह मेला राज्य या राष्ट्रीय स्तर का ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाजवाद कहीं और नहीं दिखता, जहाँ गरीब से लेकर अमीर तक एक ही पोशाक, एक ही नारा और एक ही मकसद झ बाबा का दर्शन झ लेकर आते हैं।उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज से देवघर तक की सड़क कभी खराब नहीं होती और उन्होंने प्रधानमंत्री से इसे फोर लेन बनाने की अपील की। उन्होंने नए ट्रैक बनाने का भी आश्वासन दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने सेवा करने वालों को धन्यवाद देते हुए कहा कि महादेव की भक्ति और शक्ति जिनके अंदर होती है, वे महान होते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सत्य है और हमारी संस्कृति हमें ईश्वर के करीब ले जाती है; सेवा ही शक्ति को प्रदर्शित करती है और शक्ति ही भक्ति का आधार है।






## लोजपा ने इमामगंज और तरारी विधानसभा क्षेत्र में 4 सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने बिहार में रामगढ़ बेलागंज इमामगंज और तरारी विधानसभा क्षेत्र में 4 सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है जिसमें पार्टी के माननीय सांसद राष्ट्रीय पदाधिकारी और प्रदेश के सभी वरीय पदाधिकारी को शामिल किया गया है पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि सूची में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी माननीय सांसद अरुण भारती बीना देवी राजेश वर्मा शांभवी चौधरी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा डॉ शहनवाज अहमद कैफी धनंजय पासवान उर्फ मृणाल पासवान राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह लेबर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पासवान महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदू कश्यप प्रदेश संसदीय बोर्ड हुलास पांडे प्रधान महासचिव संजय पासवान सदस्यता प्रभारी संजय रविदास प्रदेश चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ परशुराम पासवान प्रदेश प्रचार प्रसार प्रमुख संजय कुमार सिंह प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुमारी शोभा सिंह पंचायती राज प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंदिरा देवी प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह अशरफ अंसारी राकेश कुमार सिंह विभूतिभूषण पासवान अमरनाथ प्रसाद उर्फ अमर कुशवाहा रानी देवी विष्णु पासवान रवि शंकर प्रसाद सिंह डॉ मोहम्मद इंतखाब आलम अभय कुमार सिंह विभूतिभूषण पासवान अमित कुमार सिंह और रानू रामप्रवेश यादव मनोज कुमार मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट और प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र यादव और राजेश सिंह के नाम शामिल किए गए हैं जो बिहार में 4 सीटों पर हो रहे चुनाव प्रचार के तहत स्टार प्रचारक के रूप मे हिस्सा लेंगे और एनडीए के सभी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील करें

## संकट मोचन हनुमान मंदिर के निर्माण को लेकर हुआ भूमी पूजन और शिलान्यास

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के मदारपुर गांव में सोमवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य के लिए भूमी पूजन आचार्य विरेन्द्र बाबा, पुरोहित मनबोध तिवारी ने महंथ श्याम सुंदर दास की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चर के साथ शुभारंभ किया। प्रस्तावित संकट मोचन हनुमान मंदिर के भूमि पूजन के बाद नींव की पहली ईंट ने महंथ श्याम सुंदर दास ने रखी। तत्पश्चात भूमि पूजन, शिलान्यास व धर्मध्वजा का पूजन किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने संकल्प लिया कि इस मंदिर का निर्माण कार्य अविलंब पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथिजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर राजमंगल सिंह, काशीनाथ सिंह, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, बनियापुर विधायक के पुत्र उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता रितुराज सिंह, सरपंच दीपक सिंह, सेराज अहमद, रविन्द्र



सिंह, बिट्टू कुमार, राजू कुमार, कुंदन कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। महंथ श्याम सुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि संकट मोचन हनुमान मंदिर के निर्माण से इस गांव के साथ-साथ पूरे प्रखंड के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिरों के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है। वहीं आचार्य विरेन्द्र बाबा ने कहा कि संकट मोचन महावीर बजरंगबली के कृपा से पूरा देश एवं हमारा नगर भी प्रगति करें यह कामना करते हैं। हमें हनुमान जी से प्रभु श्री राम जी की भक्ति और सदा सफल कैसे होते हैं, हर बड़े से बड़े कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कैसे करते हैं, यह सीखना चाहिए। भगवान राम का सम्पूर्ण जीवन आदर्श है हम सबके लिए, पिता पुत्र का रिश्ता कैसा होना चाहिए, भाई-भाई का सम्बन्ध कैसा होना चाहिए, भाई का भाई के लिए त्याग, समर्पण और प्रेम कैसा होना चाहिए यह प्रेरणा लेने से हमारे जीवन भी खुशीयों से भर जाएगा।

## सरकारी कुव्यवस्था है श्रद्धालुओं की मौत का जिम्मेदार: राजेश राठौड़

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ छठ पर सरकारी कुव्यवस्था ने ली बिहारी श्रद्धालुओं की जान: राजेश राठौड़

पटना. सोमवार, 4 नवंबर, 2024छठ पर बिहार आ रहे श्रद्धालुओं की मौत पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ केंद्र और राज्य सरकार पर हमलावर नजर आएं। उन्होंने कहा कि राज्य के श्रद्धालुओं की लगातार मौत और कुव्यवस्था पर राज्य सरकार के मुखिया तो मौन साध लिए हैं लेकिन केंद्र की सरकार ने अब तक 7000 ट्रेनों के चलाने की घोषणा करने वाली तो कहीं दिख भी नहीं रही है।बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया नीतीश कुमार यदि वास्तव में बिहार के राज्यवासियों के लिए चिंतित होते तो केंद्र सरकार से छठ से पूर्व व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन के साथ सड़क परिवहन की भी व्यवस्था भी करते लेकिन उन्होंने इसपर मौन साध लिया। गोपालगंज और सुपौल में हुए हादसे ने सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है और यह बताने को काफी है कि सरकार के वजह से श्रद्धालुओं को 18 घंटे की देरी से चलने वाली डेढ़ गुने किराए वाली स्पेशल ट्रेन पर यात्रा की मजबूरी है तो ट्रेन के शौचालय में बैठकर और गेट पर लटककर यात्रा करने वाले लोग आ रहे हैं। स्टेशनों पर कन्फर्म टिकट के बावजूद भी कुव्यवस्था के कारण यात्रियों की ट्रेन छूट जा रही है। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की नीतीश सरकार को चाहिए कि बिहार को छठ से पूर्व ही जमीन पर और हकीकत में काम करना चाहिए था।

## वर्ल्ड अमेच्योर शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नाजात रवींद्रनिकेतन हाई स्कूल में बेल्ट परीक्षा सम्पन्न, संस्था के प्रेसिडेंट क्यूशी सुमन रॉय ने की विशेष



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

नाजात, 4 नवंबर 2024 झ कराटे खेल में उत्कृष्टता और अनुशासन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ल्ड अमेच्योर शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नाजात रवींद्रनिकेतन हाई स्कूल में बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया।इस आयोजन में हाई स्कूल के पाँच प्रमुख ब्रांचों झ नाजात ब्रांच, कालीनगर ब्रांच, आतापुर ब्रांच, गांटी रामकृष्ण आश्रम और संदेशखाली ब्रांच के छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन सेन्सेई तपन अधिकारी और सेन्सेई दीक्षा कर्मकार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस विशेष परीक्षा कार्यक्रम में संस्था के प्रेसिडेंट, क्यूशी सुमन रॉय ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की और उन्हें कराटे में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। क्यूशी सुमन रॉय ने इस अवसर पर कराटे की शोतोकान शैली की महत्ता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे यह छात्रों के शारीरिक, मानसिक, और आत्मरक्षात्मक कौशल को निखारता है।परीक्षा के निर्णायक मंडल में अनुभवी कराटे प्रशिक्षकों का समूह शामिल था, जिसमें सेन्सेई पिंटू कुंडू, सेन्सेई राहुल सिन्हा, सेन्सेई इशिता साहा, सेन्सेई जोयिता दास, सेन्सेई कोयल बरुई, और सेन्सेई नंदिनी बर जैसे विशेषज्ञों ने अपने निर्णय से छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रत्येक छात्र का परीक्षण उसके तकनीकी ज्ञान, आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक क्षमता के आधार पर किया गया।इस आयोजन में छात्रों ने कठिन परीक्षाओं का सामना किया और अपने कराटे कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि फेडरेशन द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन और आत्मरक्षा के महत्व को समझा और अपनी कमियों पर कार्य करने का संकल्प लिया।
सेन्सेई तपन अधिकारी ने कहा, ह्हमारा उद्देश्य केवल कराटे की तकनीकी शिक्षा देना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन और आत्मनिर्भरता को भी आत्मसात करें।

## आज नहाय-खाय से शुरू होगा चार दिवसीय महा पर्व छठ का अनुष्ठान



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सूर्योपासना का महापर्व छठ 5 नवम्बर मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो जाएगा।नहाय-खाय विधि में व्रती स्नान के बाद कद्दू की सब्जी, अरवा चावल और चना की दाल शाकाहारी भोजन ग्रहण करती है। जबकि 6 नवम्बर को खरना का विधान पूर्ण किया जाएगा। जिसमें गुड़ चावल की खीर, रोटी का प्रसाद बनाया जाता है जो मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से आग जलाकर बनाया जाता है। डूबते सूर्य को 7 नवम्बर की शाम पहली अर्घ्य दी जाएगी जबकि उदितमान सूर्य को 8 नवम्बर की सुबह अर्घ्यदान होगा। इसके बाद विधि-विधान पूर्वक पूजन का समापन होगा और व्रती पारण करेंगी। आचार्य वाचस्पति तिवारी ने बताया कि नहाय-खाय व खरना के साथ ही सूर्य पूजन व अर्घ्य देने की शुभ तिथि अर्थात षष्ठी तिथि से दो दिन पहले यानि चतुर्थी से नहाय-खाय के साथ आरंभ हो जाता है और इसका समापन सप्तमी तिथि को पारण करके किया जाता है।इस पर्व में मुख्यत सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है। छठ का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर नहाय-खाय से शुरू हो कर पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न किया जाता है।इस दिन टोकरी, दउरा में फलों, ईख, ठेकुआ, चावल के लड्डू यानी लड्डुआ आदि अर्घ्य के सूप में सजाया जाता है।

## जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

■ वाराणसी 04 नवम्बर,2024; रेल परिचालन में संरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा के छठ स्पेशल गाड़ियों के निर्बाध संचलन एवं छठ पूजा के दौरान सतर्कता बरतने हेतु अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) वाराणसी श्री रोशन लाल यादव ने आज दिनांक 04 नवम्बर, 2024 को वाराणसी-छपरा रेल खण्ड का संरक्षा एवं छपरा जं का निरीक्षण किया।

■ अपने निरीक्षण के क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक ने वाराणसी-छपरा रेल खण्ड के विन्डो ट्रेलिंग के दौरान उन्होंने रेल पथ,ओवरहेड ट्रैक्शन,काशन आर्डर एवं सतर्कता आदेशों का शुक्ष्मता से संज्ञान लिया और रेल खण्ड पर अधिकतम गति से संरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करते हुए छपरा जं स्टेशन पहुँचे। उन्होंने छपरा जं रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ पूजा के लिए बने नियंत्रण कक्ष, सी सी टी वी मॉनिटरिंग रूम तथा भीड़ प्रबंधन हेतु सकुर्लेटिंग एरिया, रैन बसेरा, प्रतीक्षालय, अतिरिक्त आरक्षित/अनारक्षित टिकट काउंटर, अग्निशमन उपकरण, स्टेशन पर स्थित वेंडरो का लाइसेंस तथा साफ -सफाई,वाटर बूथों पर पेय जल की उपलब्धता एवं पे एण्ड यूज शौचालय तथा स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने छपरा स्टेशन से गुजरने वाली छठ स्पेशल गाड़ियों का ब्यौरा लिया। छपरा जं से नियमित गाडियों के अतिरिक्त रोजाना 18 से 24 स्पेशल गाड़ियों का संचलन हो रहा है जिससे हजारों की संख्या में यात्रियों का आगमन हो रहा है । इसके लिए पहले से रेलवे प्रशासन ने तैयारी की गई है । अपर मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर 24 घंटे मॉनिटरिंग करने एवं सेवा देने हेतु स्टेशन हेतु यात्री यातायात वृद्धि के आधार पर छपरा जं स्टेशन पर अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकीय कर्मचारियों को स्टेशन प्रबंधन एवं भीड़ प्रबंधन पर विस्तृत दिशा निर्देश दिये । जिसमें रेलवे सुरक्षा बल को भीड़ को पंक्तियों में स्टेशन में प्रवेश और निकास दिया जा रहा है , टिकट काउंटर पर लाइन लगाकर टिकट दिलाया जा रहा है तथा पंक्तिबद्ध कर गाड़ियों में चढाया जा रहा है ।

■ अपर मंडल रेल प्रबंधक ने छपरा जं रेलवे स्टेशन पर किसी भी आपात स्थिति को सम्भालने के लिए स्थापित नियंत्रण कक्ष से सम्बंधित अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों द्वारा छठ पर्व के दौरान आने-जाने वाले यात्रियों की पूर्ण निगरानी करने के साथ ही उनके द्वारा स्टेशन की सभी गतिविधियों की सघन मॉनिटरिंग की समीक्षा की । इस दौरान छपरा जं में स्थापित कंट्रोल रूम से छठ पर्व के समापन तक 24 घंटे निगरानी एवं दिशा निर्देश लगातार प्रसारित करने के साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए डी गई गाइड लाइन्स का सख्ती से पालन करने निर्देश दिया :-

1. गाड़ियों का आगमन अपने निर्धारित प्लेटफार्म से होगा,प्लेटफार्म का परिवर्तन नहीं किया जायेगा । यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में परिवर्तन करना पड़ा तो पर्याप्त ठहराव समय देते हुए गाड़ी संचालन कराया जायेगा । संचालन के परिवर्तन की पूर्व सूचना (न्यूनतम 15 मिनट पूर्व) स्टेशन मास्टर द्वारा पूछताछ कार्यालय को देना अनिवार्य होगा ।
2. छपरा,सीवान,बलिया एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन में अधिक से अधिक अनारक्षित टिकट/आरक्षण काउंटर निरन्तर कार्य करेंगे । आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त काउंटरों से टिकट वितरण की व्यवस्था कराई जाये ।
3. सी.आई.टी./छपरा एवं सीवान द्वारा पूछ-ताछ खिड़की पर प्रत्येक शिफ्ट में 2-2 कर्मचारियों एवं बलिया में प्रत्येक शिफ्ट में 1-1 कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है । जन-संबोधन प्रणाली से तीनों स्टेशनों पर लगातार सूचनाएं प्रसारित की जायेंगी । आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था बुकिंग कार्यालय से करने का निर्देश दिया ।
4. छठ पर्व के दौरान प्रमुख स्टेशनों पर लगे सभी रेलवे,बी एस एन एल फोन एवं कोच गाइडेंस,ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड,अनाउंसमेंट सिस्टम समेत सभी उपकरण लगातार कार्यरत रखे जाने का निर्देश दिया ।
5. स्टेशन अधीक्षक/सीवान के कक्ष में नियंत्रण कक्ष कार्य करेगा जिसकी मॉनिटरिंग अधिकारियों द्वारा किये जाने ।
6. छठ पर्व सम्बंधित सभी स्टेशनों पर विद्युत तथा जल की निर्बाध आपूर्ति साफ-सफाई के साथ सुनिश्चित किये जाने ।
7. छठ पर्व सम्बंधित सभी स्टेशनों के पैदल उपरिगामी पुल ,आगमन एवं प्रस्थान द्वार ,बुकिंग विंडो पर लाइन लगवाने तथा प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त संख्या में रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात किये जाने । उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को छठ पूजा में रेल यात्रियों से अत्यधिक भीड़ से निपटने के लिए यात्रियों को कतार बद्ध कर टिकट लेने और गाड़ियों के कोचों में चढ़ाने का दिशा निर्देश दिया।
8. छठ पर्व के दौरान चलने वाली सभी गाड़ियों के कोच में पर्याप्त जल आपूर्ति, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई विभिन्न विभागों द्वारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
9. छठ पर्व सम्बंधित सभी स्टेशनों पर (एल्लें) की टीम साफ-सफाई एवं चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल टीमों को निर्देश दिया।

इस अवसर पर सहायक मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री अशोक कुमार,सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल श्री मुकेश पवार,कोचिंग डिपो अधिकारी श्री अजीत कुमार,स्टेशन डाइरेक्टर श्री राजेश प्रसाद,स्टेशन अधीक्षक श्री राजन कुमार,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्री निरज कुमार,यातयात निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार,वाणिज्य अधीक्षक श्री गणेश यादव,व्छ्ह श्री राकेश कुमार सहित वरिष्ठ पर्यवेक्षक तथा स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित थे।

अशोक कुमार
जनसम्पर्कअधिकारी,वाराणसी

## पांच शिक्षिका और दो शिक्षक सेवा से किए गए बर्खास्त

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ी:** फर्जी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी हासिल कर लेने वाले दो शिक्षक व पांच शिक्षिका को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. ये सभी बथनाहा प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत थे. खास बात यह कि जिस नियोजन इकाई के द्वारा इन अवैध शिक्षकों को बहाल किया गया था, उसी ने सेवा से बाहर का रास्ता दिखाया है. ये सभी अवैध शिक्षक एक से डेढ़ दशक तक नौकरी किए है। वर्षों बाद निगरानी विभाग को पता चला था कि इन सभी के प्रमाण-पत्र अवैध है. पहले प्राथमिकी, अब नौकरी गई
गौरतलब है कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में निगरानी विभाग द्वारा नियोजित शिक्षकों/शिक्षिका के शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच की जा रही है. इसी जांच के सिलसिले में बथनाहा प्रखंड के दो शिक्षक व पांच शिक्षिका के प्रमाण-पत्र फर्जी पाए है. इनमें से चार के खिलाफ पिछले वर्ष, तो तीन के खिलाफ चालू वर्ष 2024 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी.
--- डेढ़ वर्ष बिलंब से हुई कार्रवाई
बताया गया है कि बथनाहा प्रखंड नियोजन इकाई को उक्त शिक्षक व शिक्षिका को सेवा से मुक्त करने की कार्रवाई में डेढ़ वर्ष लग गए है. डीपीओ, स्थापना ने 18 मार्च 23 को ही नियोजन इकाई कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई. कथित तौर इन फर्जी शिक्षक/शिक्षिका के प्रति उदारता को लेकर डीपीओ स्थापना ने फिर 29 मार्च 23 को पत्र भेजा. बावजूद नियोजन इकाई कार्रवाई नहीं कर हाथ पर हाथ बैठी रही. तब डीईओ ने 19 जुलाई 24 को कार्रवाई करने को लिखा. उक्त पत्र के मिलने के तीन माह बाद नियोजन इकाई की नींद खुली है और सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की गई है.
--- इनके खिलाफ हुई है कार्रवाई

## डीएम ने किया पैक्स चुनाव को लेकर बैठक

**मो. सादरे आलम नोमानी**

**सीतामढ़ी:** पैक्स चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में विमर्श सभाकक्ष में की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष पैक्स चुनाव की प्रक्रिया संपन्न के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।कार्मिक कोषांग,प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग वाहन प्रबंधन कोषांग, मत पत्र कोषांग, विधि व्यवस्था प्रबंधन कोषांग एवं निर्वाचन कोषांग से संबंधित अधिकारियों के साथ सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न करने के मद्देनजर विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं आवश्यक निर्देश डीएम के द्वारा दिए गए।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कोषांग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सफलतापूर्वक निर्वाचन को संपन्न कराएंगे।मालूम हो कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत 17 प्रखंडों में कुल 192 प्राथमिक कृषि साख समितियां




(पैक्स) का चुनाव पांच चरणों में कराया जाना है। प्रथम चरण का मतदान 26 नवंबर 2024, दूसरे चरण का 27 झ11 झ2024,तीसरा चरण 29/11/2024 ,चौथा चरण 1 दिसंबर 2024 और पांचवा चरण 3 दिसंबर 2024 को संपन्न होगा। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 528 है।
डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि पैक्स चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना है। कहा कि कही भी यदि दिक्कतें आती है तो हमें अवश्य बतायें। निर्वाचन कार्य में न्यूसेंस क्रिएट करने वाले तत्वों को अभी से चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने प्रखंडवार मतदान केंद्र, मतदाताओं की सूची व भवनों के बारे में फीडबैक लिया।बैठक में डीडीसी श्री मनन राम,एडीएम राजस्व संदीप कुमार,एडीएम आपदा प्रबंधन बृजकिशोर पांडेय,एडीएम विभागीय जांच कुमार धनंजय, जिला पंचायती राज पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी डीसीएलआर सदर के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे जबकि सभी प्रखंड विकास अधिकारी एवं एसडीओ वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे।

# खेत में युवती का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, हत्या की आशंक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के शाहपुर उंडी के वार्ड संख्या 20 निवासी चालक रजनीकांत सिंह की 17 वर्षीय पुत्री शिल्पी कुमारी की शव उसके घर से कुछ ही दूर रहरी के खेत में सोमवार की अहले सुबह मिली। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कुणाल चंद्र सिंह, ब्रज किशोर यादव, बलाल खां पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि आशा कार्यकर्ता रंजना रानी



की 17 वर्षीय पुत्री शिल्पी कुमारी रविवार की संध्या 4 बजे से ही घर से गायब थी। उसकी काफी खोजबीन की गई परंतु कोई पता नही चलने पर रविवार की रात परिजनों ने थाना को सूचना दी। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव को देखकर शोर मचाया। इसके बाद किशोरी के परिजन वहां पँहुचे। मृतका के गले पर बने निशान से प्रतीत होता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। वैसे कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा। दूसरी ओर मृतका के परिजन भूमि विवाद में हत्या किए जाने की बात कह रहे हैं। बतादें कि रंजना रानी का मायका शाहपुर उन्डी मुहल्ला में है। उसने जमीन खरीदकर अपने मायके के बगल में ही घर बना कर रह रही है। घर के जमीन को लेकर कुछ लोगों से वर्षों से भूमि विवाद चल रहा है। परिजनों द्वारा भूमि विवाद में हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका के पिता रजनीकांत चालक का काम करते हैं और वो पूर्व में थाने का भी गाड़ी चलाया करते थे। वैसे पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कह रही है। बहरहाल इस घटना को लेकर क्षेत्र में हलचल मची हुई है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

